रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 338] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 26, 2019/आश्विन 4, 1941
No. 338] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 26, 2019/ASVINA 4, 1941

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2019

सं.जी/18–सीडब्ल्यूए/9/2019.– कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स अधिनियम, 1959 की धारा 18 की उपधारा 5 के अनुसरण में 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए संस्थान की परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और उक्त संस्थान के लेखा परीक्षित लेखों को एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है।

सीएमए एल. गुरूमूर्ति, सचिव (कार्यकारी)

60वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2018–19

दि काउंसिल ऑफ द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया को इस संस्थान के भागों, समितियों, क्षेत्रों की उपलब्धियों और कियाकलापों तथा अध्यायों का उल्लेख करते हुए इस 60वीं वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वार्षिक रिपोर्ट 2018–19

समिति/ बोर्ड/प्रकोष्ठ/निदेशालय के क्रियाकलाप

परीक्षा निदेशालय

- फाउंडेशन, मध्यवर्ती, अंतिम और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष में दो बार अर्थात जून माह में और दिसंबर माह में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन जून, 2018 में 3 विदेशी केन्द्रों सहित 118 परीक्षा केन्द्रों में और दिसंबर, 2018 में 3 विदेशी केन्द्रों सहित 120 परीक्षा केन्द्रों में किया गया था। कुल मिलाकर जून, 2018 की अवधि की परीक्षा में 46,568 परीक्षार्थी और दिसंबर, 2018 की अवधि की परीक्षा में 57,901 परीक्षार्थी उपस्थित हुए थे। जून 2018 और दिसंबर, 2018 दोना हीं अवधियों के लिए अंकों के सत्यापन का परिणाम संस्थान की वेबसाइट (www.icmai.in) पर डाल दिया गया था।
- संस्थान ने दिनांक 15 मई, 2019 को इस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर, I बी–201, सेक्टर– III, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता में अपना राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत – 2019 समारोह आयोजित किया। वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बसाब चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने उदघाटन सत्र में दीक्षांत स्मारिका जारी की।

सदस्यता विभाग

सदस्य सुविधाएं और सेवा समिति के मार्ग निर्देशन में और संस्थान के प्रधान की सक्रिय अगुवाई में सदस्यता विभाग ने डेश बोर्ड प्रणाली, जो वास्तविक समय आधार पर अद्यतन होती है, कार्यान्वित करके सदस्यों और भावी सदस्यों को उनकी अपेक्षित जरूरतों के संदर्भ में उन्नत और अबाध सेवाएं प्रदान की। वित्त वर्ष

2018–19 के दौरान 2105 नए सदस्य एसोसिएट सदस्य बने और 389 मौजूदा सदस्यों को फेलोशिप के लिए आगे किया गया। वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान व्यवसाय प्रमाण पत्र प्रदान करने के क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। पहले शुरू किए गए विशेष कार्यों को जारी रखा गया, जो इस प्रकार हैं :

- सदस्यों द्वारा आनलाइन भुगतान करने में सुविधा शुल्कों/ बैंक शुल्कों की माफी
- सदस्यों के लिए ई–मेल सुविधा प्रारंभ करना
- सदस्यता संख्या के लिए जी एस टी संख्या को शामिल करने का प्रावधान करना तथा संबंधित सदस्यता शुल्क रसीदों में भी उसे दर्शाना
- उपलब्ध आनलाइन सेवाएं : सदस्यों और नए आवेदकों के लिए सभी आवेदन और अद्यतन मैनुअल प्रक्रिया प्रणाली के साथ साथ ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं। ऑनलाइन सुविधा https://eicmai.in/ MMS/Login.aspx?mode=EU पर उपलब्ध है।

2018–2019 की उद्योग समिति में सदस्य

- संस्थान की उद्योग समिति में सदस्यों ने उद्योगों से जुड़े सदस्यों की सेवाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं। ये पहल सदस्यों का एक पेशेवर निकाय विकसित करने और नेतृत्व प्रदान करने के प्रसंग में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के उद्देश्य को देखते हुए की गई है। समिति ने सी एम ए की महत्वपूर्ण भूमिका में विभिन्न उद्योगों की भागीदारी, उनके प्रसार और प्रावधान के लिए क्रियाकलाप और कार्यक्रम शुरू किए।
- समिति ने आठ पृष्ठ के एक संदर्भ दस्तावेज के प्रकाशन के लिए पहल प्रयास शुरू किए जिसमें संस्थान की व्यापक जानकारी, संस्थान के उद्देश्यों, व्यवसाय का सामयिक इतिहास, विभिन्न उद्योगों में सी एम ए की भूमिका और व्यावसायिक कार्य के दायरे का उल्लेख है। इस दस्तावेज का अभिप्राय संस्थान और व्यवसाय की निरंतर ब्रांडिंग करना था। देश भर में विभिन्न उद्योगों, मंत्रालयों, सदस्यों ओर कारपोरेट उद्यमियों को इसका परिचालन होने से इस व्यवसाय की ब्रांड इमेज बढ़ेगी क्योंकि इसमें इस व्यवसाय और राष्ट्र के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका के बहुत ही लाभप्रद आयाम संक्षेप में दिए गए हैं।

व्यावसायिक विकास निदेशालय और सतत व्यावसायिक विकास समिति

✓ **व्यवसाय के दायरे को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्राधिकरणों के साथ बैठकें :**

कारपोरेट कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई आर डी ए), कृषि मूल्य आयोग, कर्नाटक सरकार, वाणिज्यि एंव उद्योग मंत्रालय, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, भारतीय मानक ब्यूरो, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और अन्य

- ✓ सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य संगठनों का प्रतिनिधित्व
- ✓ मार्गनिर्देशन नोट का प्रकाशन
- ✓ व्यवसाय में आने वाले सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण उपायों पर अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम
- ✓ राष्ट्रीय सी एम ए पेशेवर सम्मेलन (एन सी पी सी) 2018

पी डी एवं सी पी डी समिति ने भुवनेश्वर चैप्टर के सहयोग से भुवनेश्वर, उड़ीसा में 23 दिसंबर, 2018 को "उभरते व्यावसायिक अवसर : सी एम ए की क्षमता का निर्माण" विषय पर राष्ट्रीय सी एम ए पेशेवर सम्मेलन (एन सी पी सी – 2018) आयोजित किया। श्री शशि भूषण बेहरा, माननीय कैबिनेट मंत्री, वित्त, उत्पाद एवं लोक उद्यम मंत्री, उड़ीसा सरकार इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे और भ्रतर्हरि मेहताब, माननीय संसद सदस्य, लोकसभा राष्ट्रीय सी एम ए पेशेवर सम्मेलन (एन सी पी सी) 2018 के सम्मानित अतिथि थे।

- ✓ व्यावसायिक संबंध विषय पर कार्यक्रम/ सेमिनार/वेबिनार
- ✓ संस्थान की अन्य समितियों के सहयोग से कार्यक्रम :

सतत शिक्षा कार्यक्रम वेबिनार, अध्ययन सर्कल, संयुक्त कार्यक्रम, अध्ययन सर्कल की संरचना

अध्ययन निदेशालय (डी. ओ. एस)

अध्ययन निदेशालय (डी. ओ. एस.) को छात्रों से संबंधित क्रियाकलाप सौंपे गए है। वर्तमान में इसकी चार शाखाएं हैं : (क) शैक्षणिक (ख) प्रशासनिक (ग) कैरियर परामर्श और (घ) प्रशिक्षण एवं नियुक्ति। अध्ययन निदेशालय (डी. ओ. एस.) की शैक्षणिक शाखा को गुणात्मक सुधार और कौशल विकास उपायों के माध्यम से क्षमता निर्माण का कार्य सौंपा गया है जबकि अध्ययन निदेशालय की प्रशासनिक शाखा छात्रों के प्रवेश संबंधी अन्य मामलों और संबंधित मामलों को देखती है। ऐसी कई गतिविधियां भी हैं, जो दोनों ही शाखाओं के संयुक्त योगदान और प्रभावी पर्यवेक्षण से संचालित हो रही है। कैरियर परामर्श शाखा कैरियर परामर्श योजनाओं को देखती है और विभिन्न क्षेत्रों और पूरे भारत के चैप्टरों के माध्यम से इसका सफल कार्यान्वयन करती है, प्रशिक्षण और नियुक्ति शाखा संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार छात्रों की प्रशिक्षण गतिविधियों को देखती है और अर्हता प्राप्त सी एम ए के लिए नियुक्ति पूर्व के अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन, कैम्पस प्लेसमेंट और ऑफ कैम्पस प्लेसमेंट करती है।

- गुणात्मक सुधारों के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए की गई पहलें
- छात्रों को सहायता सेवाएं
- सामाजिक जिम्मेदारियां
- सी एम ए कैरियर परामर्श कार्यक्रम (2018–19)
- प्लेसमेंट कार्यक्रम (2018–19)
- प्रशिक्षण क्रियाकलाप (2018–19)

जर्नल और प्रकाशन निदेशालय

- तिमाही 'रिसर्च बुलेटिन' और मासिक 'मैनेजमेंट अकाउंटेंट' जर्नल का नियमित प्रकाशन
- **जर्नल के पाठकों में वृद्धि**

प्रबंधन लेखाकार जर्नल अब समूचे विश्व के 94 देशों में उपलब्ध हैं और हम विश्व के अन्य भागों में इसकी वृद्धि करने का भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

- **एप्स की उपलब्धता**

प्रबंधन लेखाकार जर्नल अन्य पक्षकारों अर्थात मैग्जटर और रीडव्हेयर के माध्यम से पढ़ने के लिए एप्स पर उपलब्ध हैं और हम अन्य मंचों पर मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन्हें सूचीबद्ध करने का भी प्रयास कर रहे हैं।

- **एन सी सी के लिए स्मारिका – 2019**

जर्नल और प्रकाशन निदेशालय ने 20 और 21 जनवरी, 2019 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित "लागत और प्रबंधन लेखाकार : विगत की ताकत और भविष्य की शक्ति" विषय पर 59वें राष्ट्रीय लागत सम्मेलन (एन सी सी – 2019) एवं एस ए एफ ए आयोजनों में सक्रिय भागीदारी की।

कर अनुसंधान विभाग (टी आर डी) / कराधान समिति

विभाग का उद्देश्य सदस्यों, छात्रों, सरकारों और अन्य हितधारकों को यथासंभव उच्च स्तरीय सेवाएं, सुझाव, प्रशिक्षण और परामर्श प्रदान करना है। विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान किए गए क्रियाकलाप नीचे दिए गए हैं :–

- **वेबिनार**
- **कारपोरेट के लिए कार्यशालाएं एवं सेमिनार**

दिसंबर, 2018 में भुवनेश्वर में 'परिवर्तित कराधान प्रणाली – सतत आर्थिक विकास के लिए प्रेरक' विषय पर "राष्ट्रीय कराधान सेमिनार" आयोजित किया गया सेमिनार का उद्घाटन श्री गणेशी लाल, माननीय राज्यपाल उड़ीसा द्वारा किया गया। मंत्रियों, सांसदों और मंत्राालयों के अधिकारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

- **जी एस टी हेल्पडेस्क**

जी एस टी में बाधारहित कार्य के लिए सभी हितधारकों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में एक नया डिजिटलयुक्त वातावरण शुरू किया गया है।

- **सरकार को अभ्यावेदन**

संस्थान के कर अनुसंधान विभाग ने सरकार को विभिन्न अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं :–

- ✓ जी एस टी व्यवस्था के तहत जी एस टी रिटर्न का संशोधन और सरलीकरण
- ✓ एंटी प्रोफिटियरिंग के लिए मूल्यांकन नियम और मार्गदर्शन नोट व उपयुक्त प्रारूप
- ✓ एमएसएमई /एसएमई क्षेत्र के लिए जीएसटी का सरलीकरण
- ✓ उचित बाजार मूल्य पर अभ्यावेदन – मूल्यांकन के लिए भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आई सी ए आई) के सदस्यों का सशक्तिकरण और तत्संबंधी प्रमाणन – आय कर नियमों में संशोधन के लिए प्रस्ताव
- ✓ आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 288 (2) के तहत "लेखांकार" की परिभाषा में लागत लेखाकारों को शामिल करना
- ✓ वाणिज्य मंत्रालय को प्रतिवेदन

- ✓ रिफंड ब्लॉकेज और लेखा परीक्षा उपरांत की जांच की समस्या से निपटने के लिए निर्यातकों को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए लागत लेखाओं को शामिल करने हेतु सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रतिवेदन
- ✓ प्रत्यक्ष कर कानून के संबंध में अभ्यावेदन और "लेखाकारों" की परिभाषा में "लागत लेखाकारों" को शामिल करने के संबंध में प्रतिवेदन।

- **पखवाड़ा टैक्स बुलेटिन**

24 "पखवाड़ा टैक्स बुलेटिन" का सफल प्रकाशन किया गया है, जिसकी सरकारी विभागों, व्यापार संघों, उद्योग हाउस, संस्थान के सदस्यों और अन्य कर पेशेवरों द्वारा काफी सराहना की गई है।

- **विभिन्न प्रकाशन**

हितधारकों के ज्ञान के आधार पर समृद्ध करने के लिए विभाग ने वर्ष के दौरान कई पुस्तकें जारी की हैं, जिनकी पेशेवरों द्वारा सराहना की गई है और देश के बदलते कराधान वातावरण को देखते हुए कराधान व्यवस्था पर अद्यतन विकास को शामिल करने के लिए नियमित आधार पर अद्यतन भी किया जा रहा है।

- **कराधान पोर्टल**

इस पोर्टल पर कोई भी देश की कराधान व्यवस्था में प्रकाशनों, सेमिनारों, पाठ्यक्रमों, बुलेटिन, अद्यतन, सी बी आई सी और सी बी डी टी के साथ लिंक, अधिनियम, नियमों इत्यादि तक पहुंच के जरिए लगभग सभी अद्यतन जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

- **कराधान पोर्टल पर टॉप स्टोरीज**

अद्यतन जानकारियों के साथ स्वयं को अद्यतन रखना ज्ञान वृद्धि के लिए प्रारंभिक शर्त है। देश की कराधान व्यवस्था में निरंतर बदलते परिदृश्य को देखते हुए कर अनुसंधान विभाग ने कराधान पोर्टल में "टॉप स्टोरीज" खंड शुरू किया है। अधिसूचनाओं, परिपत्रों और फैसलों इत्यादि पर अद्यतन जानकारी इस खंड के तहत अपलोड की जा रही हैं, जिसमें वास्तविक समय आधार पर एक सारांश दिया जा गया है ताकि हितधारकों को कराधान के मामलों पर अद्यतन जानकारी मिल सके।

- **कराधान पाठ्यक्रम**

कर अनुसंधान विभाग ने प्रत्यक्ष करों और जी एस टी, दोनों में तीन नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जो कि अप्रैल, 2019 के दौरान शुरू करने का कार्यक्रम है। वे हैं :

1. जी एस टी पर उन्नत प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम
2. टी डी एस पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम
3. रिटर्न भरने और दाखिल करने के संबंध में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए जी एस टी पर एक क्रेश कोर्स भी तैयार किया गया है और मई, 2019 में पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रास किए जा रहे हैं।

सार्वजनिक वित्त और सरकारी लेखांकन पर समिति

- देहरादून चैप्टर के सहयोग से समिति ने दिनांक 16 दिसंबर, 2018 को 'सी एम ए के लिए अज्ञात क्षेत्रों' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया और तब गजियाबाद चैप्टर के सहयोग से 20 दिसंबर, 2018 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- "भारत में आर्थिक सुधारों के लिए एक दृष्टिकोण" विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिनांक 13 जनवरी, 2019 को नोएड़ा में इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 तथा वस्तु व सेवा कर के संबंध में चर्चा की गई।
- समिति ने स्कोप कंवेंशन सेंटर, नई दिल्ली में 17 जनवरी, 2019 को 'सरकारी क्षेत्र में लागत' पर एक सेमिनार आयोजित किया।
- दिनांक 10 फरवरी, 2019 को फरीदाबाद में 'सरकारी क्षेत्र और फोरेंसिक ऑडिट में लागत' पर एक सेमिनार आयोजित किया।
- समिति ने गाजियाबाद चैप्टर के सहयोग से गाजियाबाद में दिनांक 10 मार्च, 2019 को 'लागत और प्रबंधन लेखाकार : द वे अहैड' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया।

आंतरिक समिति

यौन उत्पीड़न पर आयोजित कार्यशालाएं अथवा जागरूकता कार्यक्रम : 2

अनुशासनिक निदेशालय

1. लागत और कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21क के तहत अनुशासन बोर्ड

अनुशासन बोर्ड की दो बैठकें दिनांक 31.10.2018 और 07.04.2019 को आयोजित की गई। बोर्ड ने अनेक शिकायतों और लागत व कार्य अधिनियम, 1959 के प्रावधानों के तहत सूचना पर विचार किया। इस अवधि के दौरान अनुशासन बोर्ड द्वारा 02 (दो) शिकायतों और 08 (आठ) सूचना का निपटान किया गया।

2. लागत और कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2016 की धारा 21ख के तहत अनुशासन समिति

अनुशासन समिति की तीन बैठकें 05 अक्टूबर, 2018, 26 अक्टूबर, 2018 और 01 अप्रैल, 2019 को हुई। समिति ने अनेक शिकायतें लागत व कार्य लेखाकार अधिनियम, 1959 के प्रावधानों के तहत सूचना पर विचार किया।

कैट (सी ए टी) समिति

कैट निदेशालय ने अप्रैल, 2019 से कैट पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश शुरू किया है। केरल में कैट पाठ्यक्रम केरल सरकार की अतिरिक्त कौशल अर्जन कार्यक्रम (ए एस ए पी) परियोजना के द्वारा लगातार छठे वर्ष सफलतापूर्वक चलाया गया। अध्यक्ष – कैट ने बिहार सरकार के मंत्रियों अर्थात श्री सुरेश कुमार शर्मा, माननीय शहरी विकास और आवास विकास मंत्री, श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय श्रम संसाधन एवं कौशल विकास मंत्री, श्री श्रवण कुमार, माननीय ग्रामीण विकास मंत्री, श्री प्रमोद कुमार, माननीय पर्यटन मंत्री के साथ कैट पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए बैठकें कीं। अध्यक्ष – कैट ने 6 मार्च, 2019 को लेखांकन तकनीशियनों में प्रमाण पत्र (कैट) में पंजीकृत छात्रों के साथ सेमिनार के जरिए एक परस्पर चर्चा सत्र आयोजित किया ताकि उनकी समस्याओं और उनके समक्ष आ रहे मामलों पर अधिक जानकारी मिल सके। वेबिनार के दौरान, छात्रों ने कैट पाठ्यक्रमों में सुधार के लिए सुझाव भी दिए। कैट निदेशालय ने अप्रैल, 2019 माह को प्रोत्साहन मास के रूप में घोषित किया। विचार यह था कि कैट पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए वालेंटियरों को आकर्षित करने के लिए क्षेत्रीय परिषदों, चैप्टरों, मान्यता प्राप्त कोचिंग सेंटरों (आर ओ सी सी), सदस्यों, के जरिए अधिक से अधिक युवाओं को आकर्षित किया जाए और प्रवेश में वृद्धि की जाए। संस्थान की परिषद ने कैट पाठ्यक्रम का संशोधित पाठ्यक्रम अनुमोदित किया।

तकनीकी निदेशालय

लागत लेखांकन मानक बोर्ड :

संस्थान के मानक निर्धारण निकाय, सी ए एस बी ने **सी एम ए बलविन्द्र सिंह** की अध्यक्षता में दिनांक 6 अक्टूबर, 2018 को चंडीगढ़ में और दिनांक 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में दो बार बैठकें की। बोर्ड ने सी ए एस – 4 का संशोधन करने के अलावा, निम्नलिखित क्रियाकलाप भी किए हैं:–

1. सी ए एस – 4 (संशोधित 2018) – उत्पादन/ अर्जन/ वस्तुओं की आपूर्ति/ सेवाओं के प्रावधान पर लागत के संबंध में लागत लेखांकन मानक जारी करना।
2. एक लागत लेखाकार द्वारा संकलन कार्यों पर मार्गदर्शन नोट जारी करना।
3. अध्यक्ष द्वारा इंड ए एस और जी एस टी जारी करने के कारण लागत लेखांकन मानकों में आवश्यक संशोधन करने के लिए एक कार्य समूह गठित किया गया।
4. एम एस एम ई सेक्टर के लिए लागत प्रबंधन पर मार्गदर्शन नोट लाने के लिए अन्य कार्य समूह।
5. सी ए एस – 2 में सीमित संशोधन करने के लिए तकनीकी सेल और सी ए एस बी के सदस्यों सहित एक संयुक्त कार्य समूह का गठन किया गया।

लागत लेखा परीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड (सी ए ए एस बी)

सी एम ए पी. वी. भट्टड की अध्यक्षता में संस्थान के सी ए ए एस बी के मानक निर्धारण निकाय ने वर्तमान अवधि के दौरान तीन बार अर्थात 27 नवंबर, 2018 को नई दिल्ली में, 29 दिसंबर, 2018 को मुम्बई में और 28 जनवरी, 2018 को चैन्नई में बैठक की । पहली बार बोर्ड ने लागत लेखा परीक्षा पर मानकों के संबंध में एफ ए क्यू तैयार करने के लिए बोर्ड की बैठक होने से पूर्व संबंधित क्षेत्र के पेशेवर सदस्यों के साथ चर्चा की। बोर्ड द्वारा एक्सपोजर ड्राफ्ट जारी करने के लिए निम्नलिखित ड्राफ्ट तैयार किए गए :

- एस सी ए 101 – 101 पर प्रारूप एफ ए क्यू
- गुणवत्ता नियंत्रण पर प्रारूप मानक

कारपोरेट कानून समिति :

सी एम ए (डॉ.) पी वी एस जगन मोहन राव की अध्यक्षता में कारपोरेट कानून समिति की दिनांक 3 दिसंबर, 2018 को कोलकाता में केवल एक बैठक हुई। बैठक में दिनांक 4 जनवरी, 2019 को अखिल भारतीय आधार पर कारपोरेट कानून दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्थान के सदस्यों के लिए समिति द्वारा कुछ वेबिनार भी आयोजित किए गए :

1. सी एम ए (डॉ.) राजकुमार एस. अदुकिया द्वारा दिनांक 7 मार्च, 2019 को "बिजनेस ट्रिब्यूनल – एन सी एल टी, पी एम एल एल, एस ए टी, एफ ई एम ए, जी एस टी इत्यादि, ट्रिब्यूनल क्राफ्ट, ड्राफ्टिंग, अपीयरेंस, सलाहकार सेवाओं द्वारा ग्राहकों की मूल्यवर्धन में गोल्डमाइन अवसरों में सी एम ए की भूमिका विषय पर दिनांक 7 मार्च, 2019 को वेबिनार का आयोजनकिया गया ।
2. एक विशेषज्ञ फैकल्टी सी ए वुडाली गौरी द्वारा वित्तीय दस्तावेज – ए एस – 109, एस – 107 और ए एस – 32 पर इंड ए एस के संबंध में 20 मार्च, 2019 को वेबिनार का आयोजन।

तकनीकी प्रकोष्ठ (2018 – 19)

सी एम ए (डॉ.) धनन्जय वी. जोशी, विगत प्रधान की अध्यक्षता में संस्थान के तकनीकी प्रकोष्ठ ने वर्ष के दौरान 4 बार अर्थात 13 और 14 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में 24 और 25 अक्टूबर, 2018 को बंगलुरु में और दिनांक 10 दिसंबर, 2018 को पुणे में और 15 मार्च, 2019 को कोलकाता में बैठकें आयोजित की। तकनीकी प्रकोष्ठ 15 जुलाई, 2019 को नई दिल्ली में 5 बैठकें आयोजित करने की भी योजना है। तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा लिए गए निर्णय इस प्रकार हैं :

1. सभी क्षेत्रों में तकनीकी प्रकोष्ठ की बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें व्यवसाय में प्रमुख सदस्यों को निमंत्रण भेजा गया ताकि लागत लेखा परीक्षा आदि पर अपने विचार/ सुझाव दे सकें।
2. तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा एक समयबद्ध तरीके से, सदस्यों द्वारा उठाए गए लागत रिकार्ड, लेखा लेखा परीक्षा, लागत नियम इत्यादि से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए एक तंत्र भी बनाया गया।
3. उद्योग और अन्य हितधारकों को एक दूसरे के समीप लाने के लिए अपने अभियान के रूप में तकनीकी प्रकोष्ठ ने संस्थान के सदस्यों और उद्योग को परामर्शी सेवाएं देने का निर्णय लिया है ताकि उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा किया जा सके।
4. तकनीकी प्रकोष्ठ ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा "लागतों और कीमतों पर वार्षिक रिपोर्ट 2016–17" नामक एक प्रकाशन जारी करने के संबंध में एम सी ए और सी ए बी को और लाने के लिए पत्र भेजा जिसमें सराहना और कुछ सुझाव शामिल थे और वर्ष 2016–17 में कंपनियों द्वारा दाखिल की गई लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट का विश्लेषण था।

अंतर्राष्ट्रीय कार्य विभाग

दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एस ए एफ ए)

- सी एम ए डॉ. पी वी एस जगन मोहन राव, केन्द्रीय परिषद सदस्य ने वर्ष 2019 के लिए अर्थात 1 जनवरी, 2019 से दक्षिण एशियाई लेखाकार संघ (एस ए एफ ए) के अध्यक्ष के रूप में कार्य ग्रहण किया।
- 'निजी क्षेत्र के वित्त को अधिकाधिक करने और विकास के लिए हल निकालने – लेखा व्यवसाय की भूमिका 'विषय पर 24 सितंबर, 2018 को करांची, पाकिस्तान में तीसरी एशिया में आर्थिक विकास संघ के लिए वित्तीय सुधार' (एफ आर ई डी III) का आयोजन किया गया।
- संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने 66वीं एस ए एफ ए बैठक में वासकुडुआ, श्री लंका में दिनांक 19 अक्टूबर, 2018 को आयोजित एस ए एफ ए की अन्य समिति बैठकों में प्रतिनिधित्व किया।

एशिया और प्रशांत के लेखाकारों का संघ (सी ए पी ए)

विभाग ने वर्ष के दौरान एशिया और प्रशांत के लेखाकारों का संघ (सी ए पी ए) की निम्नलिखित बैठकों में सहयोग किया, जिसमें संस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

- तत्काल पूर्व प्रबंधक और अध्यक्ष – अंतर्राष्ट्रीय कार्य एवं स्थिरता समिति, जो कि सी ए पी ए सार्वजनिक क्षेत्र वित्तीय प्रबंधन समिति (पी एस एफ एम सी) के सदस्य भी हैं, ने समिति की बैठकों और दिनांक 16–18 अगस्त, 2018 तक हनोई, वियतनाम में प्रमाणित लोक लेखाकारों की वियतनाम एसोसिएशन (वी ए सी पी ए) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।
- एशिया और प्रशांत लेखकारों के संघ ने अपने सदस्यों की बैठकें, असाधारण आम सभा (ई जी एम) की बैठकें और ए एफ ए – सी ए पी ए के संयुक्त मंच की बैठकें डब्ल्यू सी ओ ए की तर्ज पर सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित की ।

  प्रधान एवं अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय कार्य एवं स्थिरता समिति ने सी ए पी ए की ई जी एम में वोट करने वाले प्रतिनिधि के रूप में और नामित सलाहकार के रूप में बैठक में भाग लिया ।
- संस्थान के प्रधान और एसएएफए के अध्यक्ष ने सी ए पी ए की बैठक में और कुआलांलमपुर मलेशिया में दिनांक 31 मई और 1 जून 2019 के दौरान हुए आयोजनों में भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय लेखकार संघ (आई एफ ए सी)

विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार संघ (आई एफ ए सी) की बैठकों में समन्वय किया और संस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले परिषद सदस्यों के लिए व्यवस्थाएं कीं।

✓ **संस्थान में विदेशी निकायों के अधिकारियों का दौरा**

✓ **अंतर्राष्ट्रीय बैठकें और आयोजन**

- संस्थान की पी डी और सी पी डी समिति के अध्यक्ष ने दिनांक 23 और 24 सितंबर, 2018 को आबू धाबी में चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड एकाउंटेंसी (सी आई पी एफ ए) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

- भारतीय लागत लेखाकार संस्थान से ढाका में दिनांक 21 और 22 सितंबर, 2018 को आयोजित इंस्टिट्यूट ऑफ कोस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउटेंट ऑफ बंगलादेश को लागत लेखा परीक्षा पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में तकनीकी सहायता प्रदान की गई। संस्थान के विषय विशेषज्ञों ने लागत लेखा परीक्षा के क्षेत्र, कार्य प्रणाली, लाभों और व्यावहारिक पहलुओं पर प्रस्तुति की।

✓ सिंगापुर ओवरसीज सेंट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट का उद्घाटन।

प्रधान का कार्यालय

दिल्ली और कोलकाता स्थित प्रधान का कार्यालय संस्थान के प्रधान की ओर से संस्थान के विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ विभिन्न गतिविधियों के समन्वयन में सुविधा प्रदान करता है। ये गतिविधियों में सीधे तौर पर भले ही शामिल न हों लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर समन्वयन में आसानी के लिए अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा कई कार्रवाई की जाती हैं। विभाग ने परिषद सदस्यों विगत प्रधान और संस्थान के उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न कार्यों, जॉब और असाइनमैंट को भी किया। कुछेक मुख्य पहल इस प्रकार हैं :

✓ 59वां राष्ट्रीय लागत सम्मेलन

✓ मंत्रालयों, सरकारी विभागों और एजेंसियों के साथ पत्राचार

✓ प्रधान और उप प्रधान को तकनीकी सहायता

✓ संस्थान के सभी प्रमुख आयोजनों में सहायता :

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

संस्थान ने सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग न केवल हितधारकों की क्षमता और सेवा प्रदानता में सुधार करने के लिए किया बल्कि हितधारकों के साथ वार्ता करने में भी किया।

- सदस्यों के लिए विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (यू डी आई एन)
- आई ई पी एस में फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की सुविधा
- कैट (सी ए टी) आनलाइन पंजीकरण मॉड्यूल
- चुनाव के लिए अलग मॉड्यूल अपलोड
- अनुसंधान सर्वेक्षण
- वेबिनार
- उन्नत अध्ययन पोर्टल
- आयोजन पोर्टल और वेबसाइट
- एच आर आई एस
- क्लाउड पर आई टी इंफ्रास्ट्रक्चर स्थानांतरित करना

बैंकिंग एवं बीमा समिति

- बैंकिंग उद्योग पहलों के भाग के रूप में समिति ने आर बी आई, आई बी ए, आई आई बी एफ प्रतिनिधियों, पी एस बी और निजी बैंकों सहित उपयुक्त प्राधिकरणों के साथ सतत आधार पर कोस्ट अकाउंटेंट और कोस्ट अकाउंटेंट फर्मों की पेशेवर सेवाओं की मान्यता के लिए कार्य किया है।
- समिति ने 'कोस्ट अकाउंटेंटों' और कोस्ट अकाउंटेंट फर्मों को यूकों बैंक में समवर्ती लेखा परीक्षकों के रूप में पैनल में शामिल करने के लिए दिनांक 3 सितंबर, 2018 को पत्र भेजा।
- समिति ने 1 अक्टूबर, 2018 को इंडिया पोस्ट भुगतान बैंक लिमि. में विभिन्न व्यावसायिक वित्तीय स्थितियों के लिए लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों (सी एम ए) को शामिल करने के लिए पत्र भेजा।
- समिति विभिन्न बैंकों में भर्ती विज्ञापन की पात्रता शर्त में चार्टर्ड अकाउंटेंट की शिक्षा के समान लागत लेखाकारों की शिक्षा को शामिल करने के लिए निरंतर प्रतिनिधित्व कर रही है। मार्च, 2019 से मई, 2019 तक के दौरान समिति ने आई डी बी आई बैंक के लिमि. में डी जी एम – एफ ए डी, कराधान, ए जी एम – एफ ए डी कराधान और प्रबंधक – एफ ए डी/ कराधान, ट्रेजरी, भारतीय जीवन बीमा निगम में सहायक प्रशासनिक

अधिकारियों (ए ए ओ), बैंक ऑफ बड़ौदा में सहायक उपाध्यक्ष – रेलवे, आई डी एफ सी लिमि. में लागत विश्लेषक प्रबंधक और भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक विश्लेषक के पदों के लिए प्रतिनिधि भेजे।

आंतरिक नियंत्रण विभाग

- विभाग ने वर्ष 2018–19 के लिए चार क्षेत्रीय परिषदों और तीन चैप्टरों के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए लेखा परीक्षकों के दायरे सहित इच्छा की अभिव्यक्ति के माध्यम से 1 करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की। उक्त लेखा परीक्षा पूरा होने के बाद सभी लेखा परीक्षा रिपोर्ट और प्रबंधन के उत्तरों को संकलित करके चैप्टरों और क्षेत्रों को आवश्यक अनुपालन करके समूचना भेजने हेतु एडवाइजरी प्रदान की।
- मुख्यालय के मामले में, विभाग ने आंतरिक लेखा परीक्षक और संबंधित विभागों के साथ आंतरिक लेखा परीक्षा परिणामों के लिए समन्वयन किया और मामले के निपटान के लिए उपाय सुझाए।
- विभाग जी एफ आर और डी ओ पी के अनुसार मुख्यालय में विभिन्न विभागों से तैयार किए गए विभिन्न खरीद प्रस्तावों की जांच करता रहा है।
- विभाग ने बेहतर नियंत्रण के लिए दैनिक कार्यों और पूरी प्रणाली के लिए विभिन्न उपायों को कार्यान्वित करने का सुझाव दिया और साथ ही जब भी जरूरत पड़ी विभिन्न विभागों को विभिन्न मामलों पर परामर्शी सेवाएं भी प्रदान कीं।

बी एम चत्रथ एंड कं. लिमि.
(पूर्ववर्ती बी. एम. चत्रथ एंड कं.)
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एल एल पी आई एन ए ए जे. 682

पंजीकृत कार्यालय : सेंटर प्वाइंट, चतुर्थ तल, सूट सं. 440
21, हेमंता बसु, सरानी, कोलकता – 700 001
दूरभाष : 2248–4575 / 4667 / 6810 / 6798, 2210–1385, 2248–9934
ई–मेल : bmccal@bmchatrath.in
वेबसाइट : www.bmchatrath.com

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में, द काउंसिल ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

योग्य मत

हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (''संस्थान'') के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिनमें संस्थान की परिषद द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र और तत्समय समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना, जिसमें कुल 182.89 करोड. रुपए की कुल परिसंपत्तियों तथा कुल 66.21 करोड़ रुपए का राजस्व (अंतर–क्षेत्रीय / चैप्टर लेन–देन) दर्शाते हुए मुख्यालय के लेखा शामिल हैं। अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 13.32 करोड़ रुपए का कुल राजस्व तथा 40.65 करोड़ रुपए की कुल परिसपंत्तियां दर्शाते हुए 4 क्षेत्रीय परिषदों यथा उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद (एन आई आर सी) पूर्वी भारत क्षेत्राीय परिषद (ई आई आर सी), दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद (एस आई आर सी) और पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यू आई आर सी) के लेखा परीक्षित लेखों को भी समाविष्ट किया गया है ।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वित्तीय विवरणों के "योग्य मत पैराग्राफ के लिए आधार" में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों को छोड़कर, अपेक्षित तरीके से सूचना प्रदान करते हैं और 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के कार्यों तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसके अधिशेष एवं उसके नकद प्रवाह की स्थिति का इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानकों सहित भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और उचित दृष्टिकोण देते हैं।

योग्य मत का आधार

1. **हक विलेख (टाइटल डीड)**

   क. संस्थान से संबंधित किसी भी सम्पत्ति टाइटल डीड की मास्टर सूची हमें उपलब्ध नहीं कराई गई। अतः हम संस्थान के नाम पर सम्पत्तियों की कुल संख्या पर कोई भी टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

   ख. हम तरेसठ अचल सम्पत्तियों के टाइटल डीड का सत्यापन कर सके और यह पाया कि :

i) संस्थान के नाम से पंजीकृत किए जाने की बजाय चैप्टर के नाम से बारह अचल सम्पत्तियों के टाइटल डीड पंजीकृत किए गए थे। लागत और कार्य लेखाकार विनियम 1959 के खंड सं. 99(च) और 85(I) (ङ) के तहत सम्पत्तियों का टाइटल संस्थान के सचिव और कार्यपालक समिति के नाम से होना चाहिए और इसीलिए इसे संस्थान के नाम से पंजीकृत किया जाए। अतः इसके कारण से उपरोक्त खंडों का उल्लंघन हुआ है।

ii) सताइस टाइटल डीड के संबंध में हमें मूल डीड की बजाय केवल छाया प्रतियां ही उपलब्ध कराई गई थी। मूल डीड न होने पर हम इन अचल संपत्तियों के मालिकाना हक (टाइटल) की सत्यता सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं।

2. हमें फ्रीहोल्ड भवन के अलावा अचल परिसंपत्तियों के पूर्ण ब्यौरे उपलब्ध नहीं कराए गए; तदनुसार हम दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार वित्तीय विवरण में अचल परिसंपत्तियों के प्रकटन की सत्यता पर टिप्पणी कर पाने में असमर्थ हैं।

3. वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा अचल संपत्तियों का कोई भी भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है।

4. क्षेत्रीय परिषद और चैप्टरों के पास चालू खातों के तहत 539.18 लाख रु. की राशि के लिए क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों से कोई भी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है।

5. संस्थान ने भुगतान के आधार पर अवकाश नकदीकरण और ग्रेच्युटी का हिसाब लगाया है। अवकाश नकदीकरण और ग्रेच्युटी का वास्तविक मूल्यांकन नहीं किया गया है। लेखांकन के प्रोद्भवन आधार के अनुसार अवकाश नकदीकरण और ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान प्रत्येक वर्ष के लिए किया जाना चाहिए, जो कि 31 मार्च, 2019 तक नहीं किया गया था। इसके कारण उस समय समाप्त वर्ष के लिए संस्थान के आधिक्य (सरलप्स) के संबंध में अधिक विवरण दिया गया।

6. संस्थान के पास तीन वित्तीय वर्षों से भी अधिक समय से 30,71,950/– की गैर–विशिष्ट जमा राशि (नॉन स्पेसिफिक डिपाजिट) बकाया है। धनराशि की प्रकृति का पता नहीं लगाया जा सका।

7. दिल्ली (मुख्यालय) की 5,66,487 रु. की विविध कर्जदारों की राशि विगत तीन वर्षों से बिन समायोजन/बिना वसूली के पड़ी है, जो कि पुनः मिलान किए जाने और पुष्टि किए जाने के अध्यधीन है। संस्थान ने इन कर्जदारों के खिलाफ खराब और संदिग्ध कर्ज के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कर्जदार शेष राशि का पुनर्मिलान और पुष्टि न हो पाने को देखते हुए हम बकाया शेष राशि और वित्तीय विवरण पर इसके परिणामस्वरूप पड़ने वाले प्रभाव की सत्यता का पता लगाने और उस पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।

8. संस्थान की तीन वर्षों से भी अधिक समय से 3,91,132 रु. की विदेशी निकाय की सदस्यता शुल्क राशि के संबंध में देनदारी बकाया है।

9. चैप्टर उप नियमों के खंड 18 के तहत चैप्टर की प्रबंधन समिति अपनी वार्षिक आम बैठक में चैप्टरों और क्षेत्रीय परिषदों के लेखा परीक्षित लेखों को स्वीकार करेगी। तथापि, निम्नलिखित तीस चैप्टरों और दो क्षेत्रीय परिषदों के लिए लेखों को समेकित माना गया है, यद्यपि उनकी संबंधित वार्षिक आम बैठक में लेखों को स्वीकार नहीं किया गया है :–

क्षेत्र	क्षेत्रीय परिषद	चैप्टर
उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् (एन आई आर सी)	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् (एन आई आर सी)	1. आगरा मथुरा चैप्टर
		2. अजमेर भीलवाड़ा चैप्टर
		3. फरीदाबाद चैप्टर
		4. गोरखपुर चैप्टर
		5. गुड़गांव चैप्टर
		6. जयपुर चैप्टर
		7. बीकानेर झुन्झुनु चैप्टर
		8. कोटा चैप्टर
पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ई आई आर सी)	– – – – –	1. बोकारो स्टील सिटी चैप्टर
		2. भुवनेश्वर चैप्टर
		3. कटक जगतसिंहपुर केन्द्रपाडा चैप्टर
		4. गुवाहाटी चैप्टर
		5. रांची चैप्टर
		6. तलचर–एंगुल चैप्टर
पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी)	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी)	1. औरंगाबाद चैप्टर
		2. बड़ोदा चैप्टर
		3. भिलाई चैप्टर
		4. भोपाल चैप्टर
		5. इंदौर देवास चैप्टर

		6. अलवर सोलापुर चैप्टर
		7. कुच–गांधीधाम चैप्टर
		8. नागपुर चैप्टर
		9. विंध्यानगर चैप्टर
		10. बिलासपुर चैप्टर
दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद	– – – – –	1. बंगलौर चैप्टर
		2. कोचिन चैप्टर
		3. नेलाई–पर्ल चैप्टर
		4. विशाखापत्तनम चैप्टर
		5. कोट्टायम चैप्टर
		6. मदुरै चैप्टर

10. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए सी) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ई आई आर सी) के मामले में, जैसा कि संगत लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों, वित्तीय वर्ष 2014–15 से – प्रगति पर पूंजीगत कार्य से स्पष्ट है, 1,60,44,103/– रु. की राशि प्रगति पर पूंजीगत कार्य के रूप में दर्शाई गई है, यद्यपि इसे वित्त वर्ष 2015–16 से एक नियमित परिसंपत्ति के रूप में उपयोग किया गया है। इसका गैर–पूंजीकरण न होने के कारण से कानूनी कारणवश विगत चार वर्षों से लेखों में कोई भी मूल्यह्रास नहीं प्रदान किया गया है। इसके कारण से अचल परिसंपत्तियों और उसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास का कम विवरण दिया गया है।

11. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् (ई आई आर सी) के मामले में, जैसा कि संगत लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की सिफारिशों से स्पष्ट है, दिनांक 17 जुलाई, 2018 को एल आई सी आई द्वारा समूह ग्रेच्युटी योजना के वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार भुगतान की देनदारी 25,73,892/– रु. थी। तथापि ई आई आर सी ने वर्ष के दौरान केवल 12,00,000/– रु. की राशि का ही भुगतान किया है। शेष राशि के लिए लेखा बहियों में कोई देयता प्रदान नहीं की गई है।

12. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् (ई आई आर सी) के मामले में जै कि संगत लेखापरीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों से स्पष्ट है, दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार 13,34,051/– रु. की कुल विविध कर्जदार राशि में से 11,42,729/–की राशि तीन वर्षों से भी अधिक पुरानी है। लेखा बहियों में संदिग्ध कर्जदारी के रूप में न तो कोई भुगतान और न ही कोई शेष राशि होने की पुष्टि प्रदान की गई है।

13. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी) के मामले में जैसा कि संगत लेखाकार द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों और इसकी सिफारिशों से स्पष्ट है कि, 21,58,741/– रु. की प्राप्ति योग्य दावा राशि, जो डब्ल्यू आई आर सी की वर्तमान परिसंपत्ति अनुसूची में डेबिट नोट के संबंध में दिखाई दे रही है, मुख्यालय और कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित विशेष लेखा परीक्षा रिपोर्ट और इसकी सिफारिशों के आधार पर है, तथा परिषद् ने अपनी दिनांक 21 जुलाई, 2015 को आयोजित 294वीं परिषद् बैठक में लिया गया है और पूरी तरह से वसूलनीय माना गया है। इसके अतिरिक्त सचिव (कार्यकारी) ने अध्यक्ष, डब्ल्यू आई आर सी को दिनांक 18.01.2019 के पत्र संख्या जीः 142: 01: 2019 में सूचित करते हुए यह कहा है कि :

"लागत और कार्य लेखाकार विनियम, 1959 के विनियम 145क के अनुसरण में और परिषद की 316वीं बैठक में, दिनांक 20/28 सितंबर, 2018 को आयोजित परिषद् की 315वीं बैठक में लिए गए निर्णय के कार्यवृत्त में संशोधन करने के लिए इंस्टीट्यूट की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी) द्वारा निम्नलिखित अनुदेश अनुपालना के लिए जारी किए जाते हैं। इन अनुदेशों का कोई भी उल्लंघन होने पर लागत और कार्य लेखाकार अधिनियम, 1959 और उसके तहत बने नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार संबंधित क्षेत्रीय परिषद् के कार्यालय कर्मियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

लागत और कार्य लेखाकार विनियम, 1959 के विनियम 145क के अनुसरण में अनुदेश

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) – पश्चिमी परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी) द्वारा सी एम ए आशीष थाटे और सी एम ए नीरज जोशी के संबंध में की गई डेबिट टिप्पणी में कोई महत्वपूर्ण बात नहीं है और इन डेबिट टिप्पणियों को एतद्द्वारा निरर्थक निरस्त किया जाता है और आई सी ए आई की डब्ल्यू आई आर सी के लेखों से वापस लिया माना जाता है और साथ ही दिनांक 28 सितंबर, 2018 से इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के समेकित खाते से भी वापस लिया माना जाता है।

आई सी ए आई की डब्ल्यू आई आर सी को एतद्द्वारा यह निदेश दिया जाता है कि अपनी लेखा बहियों में, दिनांक 28 सितंबर, 2018 की स्थिति अनुसार डेबिट टिप्पणियों की निरस्त करने को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक प्रविष्टियां पारित करें और कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउटेंट्स रेगुलेशन, 1959 के विनियम 145क के तहत, इस अनुदेश की प्राप्ति से 7 दिनों के भीतर इस अनुपालना की पुष्टि करें।

इस संबंध में डब्ल्यू आई आर सी ने पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् की 298वीं बैठक में मद सं. (3) में यह निर्णय लिया गया था कि :–

"सचिव (कार्यकारी) से धारा 145क के तहत प्राप्त अनुदेशों से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और निदेशक (अनुशासन) से धारा 145क के तहत जारी किए गए अनुदेशों के संबंध में उत्तर मांगने के बारे में प्राप्त पत्र पर चर्चा करना।"

प्रारंभ में सी एम ए पी. वी. भट्टड केन्द्रीय परिषद् के सदस्य और पूर्व अध्यक्ष तथा श्री अजय दास मेहरोत्रा, सरकारी नामिती ने इन मामले से अलग रहने के लिए कहा।

अधिकांश सदस्यों ने यह व्यक्त किया कि जिस तरह से सचिव (कार्यकारी) ने धारा 145क के तहत अनुदेश दिए हैं, उस संबंध में और परिषद् के डेबिट टिप्पणियां वापस लेने के संबंध में निर्णय पर निम्नलिखित मामलों पर स्पष्टीकरण की जरूरत है :–

1. किस प्रावधान के तहत सचिव (कार्यकारी) द्वारा 7 दिनों का मानक रखा गया और यह किस प्राधिकार से है।

2. विगत 4 वर्षों के वार्षिक लेखों की सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा की जाती है और ए जी एम में पारित की जाती है तथा साथ ही मुख्यालय के लेखों के साथ समेकन भी किया जाता है और मुख्यालय द्वारा भी लेखा परीक्षा की जाती है और उसे सरकार को प्रेषित किया जाता है, तो इस परिषद् ने डेबिट टिप्पणियों को वापस लेने के लिए परिषद् की किन शक्तियों के तहत ऐसा किया गया है और यह भी पूर्व की दिनांक से है। इसके लिए कानून में आवश्यक प्रावधान विनिर्दिष्ट किए जाएं।

3. क्या डेबिट टिप्पणियों को वापस लेने के लिए धारा 145क के तहत अनुदेश जारी किए जा सकते हैं, जो कि अधिनियम के उद्देश्य को पूरा करने के लि अनुकूल नहीं कहा जा सकता और न ही यह कार्यों के निर्वहन के लिए अनुकूल है।

मामले के संबंध में सचिव (कार्यकारी) को बैठक में लिए गए निर्णय के विवरण भेजते हुए निपटा दिया गया।

इसकी बीच, सी एम ए नीरज जोशी और सी एम ए आशीष थाटे ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया तथा डब्ल्यू आई आर सी के खिलाफ मुम्बई उच्च न्यायालय में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और आई सी ए आई की डब्ल्यू आई आर सी के खिलाफ 2019 के संदर्भ सं. 6787 के तहत रिट याचिका दाखिल की है और उच्च न्यायालय में अंतिम निर्णय के लंबित रहते याचिकाकर्ता को खंड (4) के तहत अंतरिम राहत दी है, जिसमें यह कहा गया है, "याचिका की सुनवाई और अंतिम निपटान के लंबित रहते प्रतिवादियों को याचिकाकर्ताओं के खिलाफ प्रतिवादी सं. 2 द्वारा जारी दिनांक 13 फरवरी, 2015 की डेबिट टिप्पणी को किसी भी तरह से और किसी भी सीमा तक आदेश देने अथवा प्रचालन करने अथवा कार्यान्वित करने अथवा प्रभावी करने से रोका जाए और ऐसा कोई कदम उठाने अथवा कार्रवाई से रोका जाए जिससे याचिकाकर्ताओं के अधिकारों पर किसी भी तरह से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। इसमें किसी पद अथवा सेवा के लिए चुनाव का अधिकार शामिल है।

इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में याचिका (च) में कहा है, "प्रतिवादियों को दिनांक 13 फरवरी, 2015 की डेबिट टिप्पणी को वर्ष 2018–19 के लिए अथवा याचिका के निपटान तक के खाता बही में शामिल न करने का निदेश दिया जाए, जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अनुमति नहीं दी गई थी।

इसके अतिरिक्त, परिषद् ने 2010 से 2015 तक की अवधि के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखापरीक्षा कराने का निर्णय लिया, जिसमें उपरोक्त मामला भी शामिल है, तब तक उपरोक्त मामले पर अंतिम निर्णय सी एंड ए जी की लेखा परीक्षा के बाद लिया जाए।

एफ डी ए पी एल से वसूलनीय दावा राशि 67,30,000/– जो डब्ल्यू आई आर सी की वर्तमान परिसंपत्ति अनुसूची में प्रतीत हो रही है, को भी पूरी तरह से वसूलनीय माना गया है। इसके अलावा, परिषद् ने 2010 से 2015 तक की अवधि के लिए सी एंड ए जी लेखा परीक्षा कराने का निर्णय लिया है, जिसमें उपरोक्त मामला भी शामिल है, तब तक उपरोक्त मामले पर अंतिम निर्णय सी एंड ए जी की लेखा परीक्षा के बाद लिया जाए।

14. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् (एन आई आर सी) के मामले में, जैसा कि संगत लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों से स्पष्ट है, प्राप्य दावा राशि 41,44,422/– रु. जो वर्तमन परिसंपत्ति/ देयताओं की अनुसूची में दिखाई दे रही है, श्री वीरेन्द्र शर्मा, तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2014–15 के लिए 6 अक्टूबर, 2015 को आयोजित एन आई आर सी की ई सी बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर दी गई डेबिट टिप्पणी के संबंध में और जिसकी क्षेत्रीय परिषद् की दिनांक 22 सितंबर, 2015, 27 नवंबर, 2015 और 25 मई, 2016 को हुई बैठक द्वारा पुष्टि की गई है।

सदस्यों द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक आम बैठक में लिए गए निर्णय और उसके बाद क्षेत्रीय परिषद् के निर्णय के अनुसरण में, साकेत न्यायालय, नई दिल्ली में एक वसूली वाद दाखिल किया गया है, जहां पर कि वर्ष 2014–15 के लिए तत्कालीन अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र शर्मा से बकाया 41,44,422/– रु. की वसूली के लिए मामले का न्यायाधिकार है। मामला न्यायाधीन है।

इसके अलावा, आई सी ए आई की इस एन आई आर सी को सचिव (कार्यकारी), आई सी ए आई से दिनांक 18 जनवरी, 2019 के पत्र संख्या जी 142.01.2019 प्राप्त हुआ है, जिसमें परिषद् की 316वीं बैठक में लिए गए एक निर्णय की जानकारी दी गई थी, जिसके तहत श्री विजेन्द्र शर्मा के खिलाफ एन आई आर सी द्वारा 41.44 लाख रुपए के डेबिट नोट को संशोधित करने के लिए क्षेत्रीय परिषद् को अनुदेश जारी किए गए थे।

इस संबंध में क्षेत्रीय परिषद् ने दिनांक 29 जनवरी, 2019 के मेल के माध्यम से सचिव (कार्यकारी) आई सी ए आई और सभी परिषद् सदस्यों को निम्नलिखित आधार पर इन डेबिट नोट को वापस न लेने के लिए अपने निर्णय के बारे में बताया :

- चूंकि उपरोक्त डेबिट नोट दिनांक 18 जुलाई, 2016 को एन आई आर सी की वार्षिक आम बैठक में पारित और अनुमोदित किया गया था, अतः क्षेत्रीय परिषद् को उसे वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है। मामले को केवल वार्षिक आम बैठक में ही अनुमोदित और पारित किया जाना है।
- डेबिट नोट के संबंध में उपरोक्त मामला न्यायाधीन है और साकेत न्यायालय, नई दिल्ली में एक मामला (गवाह स्तर पर) चल रहा है। चूंकि मामला न्यायाधीन है, इसलिए आर सी एम अथवा कार्यालय कर्मियों को न्यायालय से आदेश पारित होने तक डेबिट नोट को वापस लेने की कोई शक्तियां नहीं है।

इस तथ्य को देखते हुए कि डेबिट नोट को वर्ष 2015–16 में समेकन के माध्यम से केन्द्रीय परिषद् द्वारा स्वीकार किया गया था और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी दिनांक 9 मई, 2019 की रिपोर्ट में भी इस संबंध में संगत लेखा परीक्षा आपत्तियां का पुनः उल्लेख किया गया है।

विजेन्द्र शर्मा द्वारा डेबिट नोट लाने के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश संख्या डब्ल्यू पी सी (सी) 6030/2016 के द्वारा दिनांक 3 जुलाई, 2019 को याचिका की वापसी और क्षेत्रीय परिषद् (डेबिट नोट को लाने वाली परिषद्) का निर्णय, वापस लेना, जिसने इस संबंध में इस डेबिट नोट के खिलाफ अपने वसूली वाद को जारी रखने के लिए संकल्प पारित किया गया। एन आई आर सी का यह मत है कि डेबिट नोट के लिए यथास्थिति बनाए रखने की जरूरत है और वापस लेने की आवश्यकता नहीं है।

15. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् (एन आई आर सी) के फरीदाबाद चैप्टर के संबंध में जैसा कि लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है :–

यह पाया गया है कि एक एयर कंडीश्नर, दो कंप्यूटर और दो कंप्यूटर टेबल बैलेंसशीट में दर्शाई गई हैं लेकिन ये चैप्टर के परिसर पर भौतिक सत्यापन करने के लिए नहीं पाई गई क्योंकि ये परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2015–2016 में कुछ भुगतान संबंधी एरियर पर विवाद होने के कारण श्री जयप्रकाश तंवर द्वारा रख ली गई थी।

16. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी) के पुणे के मामले में जैसा कि संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों से स्पष्ट है, वर्ष के दौरान 375.26 लाख रुपए की राशि का कार्य प्रगति पर है जो भवन निर्माण क्रियाकलाप के अतिरिक्त हैं। इस अतिरिक्त राशि में मुख्यतः सिविल ठेकेदार, फर्नीचर, उपस्कर और अन्य आकस्मिक व्यय शामिल है। कुल परियोजना लागत के लिए 972.90 लाख रुपए (भूमि के लिए 271.99 लाख रुपए और भवन के लिए 700.91 लाख रुपए) पंजीकृत किए गए है और मुख्य कार्यालय को हस्तांतरित किए गए हैं।

तथापि, मुख्य कार्यालय की लेखा बहियों में केवल 709.99 लाख रुपए (भूमि के लिए 271.99 लाख रुपए और भवन के लिए 438 लाख रुपए) 31 मार्च, 2019 तक पंजीकृत किए गए थे।

17. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् (डब्ल्यू आई आर सी) के नाशिक ओझार चैप्टर के संबंध में, जैसा कि संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है :

- <u>कार्यालय संख्या 207 और 208, दूसरा तल, प्रसन्ना आर्केड, नाशिक, 422001</u>.
  संबंधित कार्यालय के लिए दिनांक 10 मई, 2011 और 23 सितंबर, 2013 का विक्रय विलेख इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, कोलकाता के नाम से है लेकिन नगरपालिका कर रसीद और बिजली बिल विक्रेता श्री बुराड के नाम से प्राप्त हुए हैं, जो कि बालाजी शेयर एंड शोपी इन्वेंस्टमेंट लिमि. (विक्रेता) के निदेशकों में था।

- <u>कार्यालय संख्या 308, 309 और 310, तीसरा तल, प्रसन्ना आर्केड, नाशिक, 422001</u>.
  दिनांक 18 दिसंबर, 2010 का विक्रय विलेख कॉस्ट एकाउंटेट्स नाशिक ओझर चैप्टर के नाम से है।

18. कोचीन चैप्टर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद् (एस आई आर सी) के कोचीन चैप्टर के मामले में, जैसा कि संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है :–

- चालिककेवटोम, ग्रामीण व्यायामशाला रोड, वितिल्ला एर्नाकुलम स्थित भवन के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान खर्च की गई 25,26,967/– रुपए की राशि "पूंजीगत कार्य प्रगति पर" शीर्ष के तहत दर्शाई गई है, यद्यपि यह दिनांक 1 मई, 2016 को हर तरह से पूर्ण हो गया है (जो कि नई बिल्डिंग के उद्घाटन की तारीख थी)।
- ठेकेदारों को काफी समय से लंबित देय राशि : 10,14,789/– रुपए विभिन्न ठेकेदारों को बितिल्ला में स्थित भवन के निर्माण के लिए देय है, जिसका निपटान नहीं हुआ है।
- आई सी डब्ल्यू ए आई कोचीन चैप्टर के भूमि कर का भुगतान वर्ष 1992 में भूमि की खरीद के वर्ष से लंबित है।

मामले का बल

हम संस्थान के वित्तीय विवरणों पर निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जिन पर हमारे द्वारा बल दिए जाने की जरूरत है। हमारा मत इन मामलों के संबंध में योग्य नहीं है।

1. दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार 1,29,69,692/– रु. की राशि जी एस टी इनपुट क्रेडिट शेष राशि आय और व्यय लेखा में प्रभारित की गई है।

2. संस्थान ने दिनांक 21 जुलाई, 2019 की परिषद् की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत, 1,29,51,987/– रुपए की प्राप्य राशि का दावा (एन आई आर एल 41,44,422/– रु. और डब्ल्यू आई आर सी 88,07,565/– रु.) बट्टे खाते में डाला गया है, जिसमें उस संबंध में प्राप्य दावे और अन्य देयताओं में कमी आई है। यह राशि एन आई आर सी और डब्ल्यू आई आर सी के व्यक्तिगत खातों में नहीं दर्शाई गई है।

3. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् (ई आई आर सी) के मामले में शिकायत संख्या कॉम/21–सी डब्ल्यू ए (9) 2020 में अनुशासनिक समिति के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी 27 मई, 2015 के आदेश द्वारा लागत एवं कर लेखाकार (वृतिक एवं अन्य अवचार के अन्वेषणों और मामलों के संचालन की प्रक्रिया) नियमावली, 2007 के नियम 19(1) के साथ पठित सी डब्ल्यू ए अधिनियम, 1959 की धारा 231ख (3) के अनुसार सदस्य के विरुद्ध निम्नलिखित आदेश दिए गए थे :

   - "सदस्य की प्रताड़ना
   - आदेश दिए जाने के 30 दिनों के भीतर संस्थान की ई आई आर सी को दी जाने वाली 64,461/– रुपए की पूरी राशि तथा जुर्माने की समतुल्य राशि का पुनर्भुगतान
   - आदेश देने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए सदस्य के रजिस्टर से नाम हटाना"

   तदनुसार, 1,22,922/– रुपए संबंधित व्यक्ति से वसूल किए जाने थे। भारत के लागत एवं लेखाकार संस्थान के अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर की गई थी और उपर्युक्त अपील प्राधिकारी ने लागत एवं कार्य लेखाकार अधिनियम की धारा 22(ङ) की उप धारा (1) के खंड (ग) के तहत इस उपर्युक्त प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश 09/04/18 के द्वारा उपर्युक्त अपील प्राधिकारी ने उस निर्देशों के पूरा होने तक संस्थान की अनुशासनिक समिति द्वारा जारी अनुचित आदेश के प्रचालन को स्थगित कर दिया गया है जिनके लिए मामला आदेश दिनांक 09/04/2018 के पैरा (12) के तहत उल्लिखित प्रयोजन के लिए और नया आदेश जारी करने के लिए उपर्युक्त कार्रवाई करने हेतु भारत के लागत लेखाकार संस्थान की अनुशासनिक समिति को भेजा जा रहा है।

4. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् (ई आई आर सी) के मामले में, जैसा कि संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों से स्पष्ट है, ई आई आर सी को वर्ष के दौरान पट्टा किराया के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक से 41,98,369/– रु. की कुल राशि प्राप्त हुई है, जो कि 1 जनवरी, 2013 से लंबित थी। भारतीय स्टेट बैंक से पूरा ब्यौरा उपलब्ध न होने के कारण धनराशि निम्नलिखित तरीके से रखी गई है :–

विवरण	**धनराशि (रु.)**
अवधि से पूर्व की मदें	37,68,426
प्राप्त किराया	4,33,208
अन्य मदें	2,78,520
उप जोड़	**44,80,154**
घटाएं : टी डी एस	1,91,785
कुल	**41,98,369**

किराया आय पर जी एस टी देयताओं की गणना की जा रही है।

5. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आई सी ए आई) की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् (ई आई आर सी) के मामले में, जैसा कि संबंधित लेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है और लेखों की टिप्पणियों से स्पष्ट है, "अन्य अग्रिम राशि" शीर्ष के तहत 13,10,101/– रु. की धनराशि तीन वर्षों से अधिक समय से बिना समायोजित किए पड़ी है चूंकि विगत कुछ वर्षों के दौरान नियमित रूप से अनुसरण की कार्रवाई करते रहने के बावजूद कोई भी वसूली प्रभावी नहीं हो सकी जिसके लिए आवश्यक प्रावधान लेखा बहियों में किया गया है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेवारी

